Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Pateriya Smt. Neeta

>

Title : Need to provide financial assistance to the Government of Madhya Pradesh for providing relief to the people affected by heavy rains in the state.

श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी) : अध्यक्ष महोदय, विगत दिनों मध्य प्रदेश में लगातार बारिश के कारण जिला सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, कटनी एवं जबलपुर के मझौली, पाटन में आई बाढ़ से शहरों एवं गांवों में काफी तबाही हुयी है, जिसमें कुछ लोगों की मौते भी हो गयी। साथ ही सैंकड़ों की संख्या में मवेशी भी खत्म हो गये हैं। गरीबों के मकान, सामान, अनाज एवं दुकानदारों की दुकानें बाढ़ में बरबाद हो गयी। हजारों किसानों का अनाज (गेंहू) बाढ़ के पानी भर जाने से खराब हो गया। साथ ही सोयाबीन की फसलें बरबाद हो गयी। किसान की स्थिति इतनी बदत्तर है कि किसान के खेत खाली हैं, जेब खाली है, हाथ सूने हैं।

इस तरह से जो जानमाल की आर्थिक क्षति हुयी है, उसकी सहायता हेतु मध्य प्रदेश सरकार ने पूरे प्रयास किये हैं। केन्द्र सरकार भी मध्य प्रदेश सरकार को विशो पैकेज देकर बाढ़ पीडितों को मदद प्रदान करे ताकि बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान हो सके।